## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- **राज्य सरकार ने सरकारी कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना को दी स्वीकृति, राज्य के विधायकों को भी मिलेगा लाभ।**
- **बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए झारखंड को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का मिलेगा नेशनल अवार्ड, मतदाता दिवस पर सीईओ के. रवि कुमार राष्ट्रपति के हाथों होंगे सम्मानित।**
- **राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को किया निलंबनमुक्त, कार्मिक विभाग में योगदान देने का निर्देश।**
- **राज्य के मौसम में उतार–चढ़ाव जारी, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में न्यूनतम तामपान बढ़ने का जताया पूर्वानुमान, लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की चेतावनी।**
- **महिला हॉकी इंडिया लीग में ओडिशा वारियर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2–0 से हराया, पुरुष वर्ग में टीम गोनासिका के खिलाफ जीत दर्ज कर यूपी रुद्राज़ शीर्ष पर पहुंचा।**

**********************

### अब समाचार विस्तार से

राज्य सरकार ने सरकारी कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए प्रधान सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि इस योजना के दायरे में राज्य विधानसभा के वर्तमान सदस्य और राज्य के सभी सेवाओं के कर्मी आयेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य मंत्रिपरिषद ने राज्य के 500 और मिडिल स्कूलों में कंम्प्यूटर की पढ़ाई शुरु करने का भी निर्णय लिया है।

**********************

झारखंड को बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए बेस्ट परफार्मिंग अवार्ड से नवाजा जायेगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार को इसके लिए 25 जनवरी को मतदाता दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। श्री कुमार के अलावा पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल को भी बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा।

**********************

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी पूजा सिंघल को सात दिसंबर 2024 के प्रभाव से निलंबन मुक्त कर दिया है। कार्मिक और प्रशासनिक विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। उन्हें कार्मिक विभाग में योगदान का निर्देश दिया गया है। वर्ष 2022 में प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था, जिसके बाद श्रीमती सिंघल को निलंबित कर दिया गया था।

**********************

राज्य में पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर को बढ़ावा देने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में लोहरदगा जिले में मांदर के निर्माण और कौशल विकास के 50 सदस्यीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विस्तृत ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

******************

पटना में आयोजित अखिल भारतीय 85वीं पीठासीन अधिकारियों की बैठक में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने दूसरे दिन भी भाग लिया। स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में उन्होंने संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाए रखने के लिए संसद और राज्य विधान मंडल का योगदान विषय पर अपनी व्याख्या प्रस्तुत की। इस दौरान श्री महतो ने झारखंड में शुरु की गयी मंइयां सम्मान योजना की चर्चा करते हुए इसे महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

******************

29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में महाकुंभ में भाग लेने के इच्छुक श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने उचित प्रबंध किए हैं। रेलवे मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए एक सौ पचास से अधिक विशेष ट्रेनें चलाएगा।

******************

राज्य के मौसम में उतार–चढ़ाव का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि 25 जनवरी से एक बार फिर पारा गिरेगा। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को सुबह कोहरा और ठंड से लोगों को परेशानी हो सकती है। अभिषेक आनंद ने मौसम में हो रहे उतार–चढ़ाव को देखते हुए लोगों से अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की चेतावनी जारी की है।

******************

हॉकी इण्डिया लीग के महिला वर्ग में ओड़ीसा वॉरियर्स ने सूरमा हॉकी क्लब को रांची में दो शून्य से हरा दिया है। चौथे क्वार्टर तक दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर थी और शूटआउट में ओडिसा ने दो गोल कर जीत हासिल की। उधर, पुरुष वर्ग में राउरकेला में यूपी रुद्राज़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम गोनासिका को 2–0 से हराया। इसके साथ ही यूपी रुद्राज़ शीर्ष पर पहुंच गया है। एक रिपोर्ट–

******************

## अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गये निर्णयों से संबंधित खबरों को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– राज्य के 500 और मिडिल स्कूलों में कंप्यूटर की पढ़ाई।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– राज्यकर्मियों का स्वास्थ्य बीमा मंजूर, विधायक भी होंगे कवर।

**दैनिक भास्कर** के शब्द हैं– राज्यकर्मियों को समान्य बीमारी में 5 लाख, गंभीर में 10 लाख का कैशलेस इलाज।

**दैनिक जागरण** लिखता है– राज्यकर्मियों, विधायकों और वकीलों का 10 लाख रुपये तक का होगा अब स्वास्थ्य बीमा।

**********समाप्त**********